तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 21.0 डिग्री

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 22 अक्टूबर 2024

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला



11 रोजी रोटी खतरे में, धरने पर बैठे स्टाम्प वेंडर





12 पति की दीर्घायु के लिए महिलाओं ने रखा ...









## खबर संक्षेप

### पत्नी से पति ने की मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** महिला के साथ उसके पति द्वारा आए दिन मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस को ग्राम छिबर्रा की लिलिमा प्रधान पति हरेश प्रधान (29 साल) ने बताया कि वह अपने पति, सास, ससुर, बच्चों के साथ रहती है। उसकी शादी सामाजिक रीति रिवाज के साथ हरेश प्रधान निवासी छिबर्रा के साथ 08 साल पूर्व हुआ है। महिला ने बताया कि उसके पति द्वारा आए दिन पारिवारिक व दाम्पत्य की छोटी-छोटी बातों को लेकर झगड़ा विवाद कर हाथ मुक्का से मारपीट किया जाता है। यह परिवार का मामला है सोच कर उसने अब तक घटना के संबंध में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई थी। 19 अक्टूबर की रात 11 बजे पति द्वारा चरित्र पर शक कर गाली गलौज करते हुए मारपीट किया गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### दो मामलों में 7000 की शराब जब्त

**महासमुंद।** पटेवा पुलिस ने शराब बिक्री के दो मामलों में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। साथ ही आरोपियों के कब्जे से 7200 रुपए की शराब जब्त की गई है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर सूचना पर घटनास्थल पचरी-पंडरीपानी कच्ची रास्ता राजेश गिलहरे के घर के पास आरोपी जनक बाई पति सेऊक राम कुर्रे (50 वर्ष) निवासी ग्राम पचरी के कब्जे से 4 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित देशी महुआ शराब कीमत करीबन 1200 रुपए को जब्त किया गया। मामले में आरोपी महिला के खिलाफ धारा 34(1)(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई वहं दूसरे मामले में पुलिस ने छिलपावन से बागबाहरा रोड पंडरीपानी मोड़ ग्राम पचरी में आरोपी परषोत्तम कुर्रे पिता स्व. फूलदास कुर्रे (55 वर्ष) ग्राम पचरी के कब्जे से देशी महुआ शराब कुल 20 लीटर कीमत करीबन 6000 रुपए को जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### अधिकारी-कर्मचारियों ने अध्यनरत स्कूल-कॉलेज में शिक्षकों, छात्राओं को शहादत दिवस का महत्व बताया

# पुलिस स्मृति दिवस पर अमर शहीदों को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पुलिस स्मृति दिवस पर सोमवार को जिले में पुलिस विभाग द्वारा शहीदों का सम्मान एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों ने अध्यनरत स्कूल कॉलेज में शिक्षकों, छात्र–छात्राओं को शहादत दिवस के बारे में जानकारी दी।

शहीद पुलिस अधिकारी कर्मचारियों द्वारा जिले के जिन स्कूल, कॉलेज में शिक्षा ग्रहण की थी, उन स्कूलों में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

■ छात्र–छात्राओं को भी देशसेवा के लिए प्रेरित किया

इस अवसर पर शहीद पुलिस अधिकारी कर्मचारियों द्वारा वीरता का परिचय देते हुए बहादुरीपूर्वक दुश्मनों से लड़ते हुए देश के नाम अपने प्राण न्यौछावर करने वाले जवानों के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उनका स्मरण किया गया तथा शहीदों के जीवन परिचय एवं उनके शहादत के बारे में स्कूल के छात्र–छात्राओं को बताया गया। विभिन्न नक्सल अभियानों में जिले से उप निरीक्षक युगल किशोर वर्मा, आरक्षक हुमेश्वर प्रसाद कुर्रे, आरक्षक हीरालाल गायकवाड़, आरक्षक संतराम साहू, आरक्षक धनंजय वर्मा, आरक्षक संतोष ध्रुव, आरक्षक मिथिलेश कुमार साहू एवं आरक्षक टेकराम वर्मा सहित 8 पुलिस अधिकारी कर्मचारी शहीद हुए हैं।

## शहीद संतराम की वीरता को किया याद, पिता का हुआ सम्मान



**कसडोल।** स्व. दौलत राम शर्मा शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सोमवार को पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद आरक्षक संतराम साहू को श्रद्धांजलि अर्पित करने कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शहीद संतराम साहू के पिता श्यामलाल साहू रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एएल पटेल ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस विभाग थाना कसडोल से उप निरीक्षक एसआर नायक, सहायक उप निरीक्षक मेघनाथ बंजारे एवं स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक संजूलता पटेल द्वारा किया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एएल पटेल ने शहीद संतराम साहू को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए बताया कि वे हमारे महाविद्यालय के गौरव थे, उन्होंने देश सेवा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देकर अपना नाम अमर कर लिया तथा छात्र-छात्राओं को भी देशसेवा के लिए प्रेरित किया। श्याम लाल साहू ने अपने शहीद पुत्र को याद करते हुए उनके जीवन से जुड़े अनेक घटनाओं का उल्लेख किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण वाय के पटेल, केके देवांगन, दीप्ति महिलांग, विश्राम टण्डन, हेमेंद्र पटेल, एनएसएस प्रभारी केके बर्मन एवं अतिथि व्याख्याता डॉ. दिनेश कठौतिया, सीमा श्रीवास लीलाधर खुटे, प्रीति तिर्की, चंदना रॉय तथा महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं एनएसएस के स्वयंसेवक सूरज यादव, अभिषेक नवरंगे, प्रीतम जायसवाल, युवराज साहू, फाल्गुनी सोनी, चन्दन जायसवाल, सुधांशु, दीक्षा, साक्षी, समीर उपस्थित थे।

## नगर साहू समाज ने किया पौधारोपण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर साहू समाज भाटापारा के तत्वावधान में सामूहिक रूप से पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इन्द्र साव विधायक भाटापारा, अध्यक्षता सुकृत साहू अधिवक्ता एवं विशेष अतिथि डॉ. राजेश अवस्थी (CHMO) थे।

साहू समाज के 51 जोड़ों ने साहू छात्रावास से संस्कार सदन तक डिवाइडर में पौधारोपण किया। पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड एवं पानी के लिए ड्रिप की व्यवस्था भी की गई है। विदित हो कि समाज के द्वारा पौधारोपण का यह तीसरा चरण है।

मुख्य अतिथि इन्द्र साव ने समाज के इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि वृक्ष है तो हम हैं, पेड़ पौधों के बिना जीवन संभव नहीं है। इस पुनीत कार्य से समाज का हर वर्ग लाभान्वित होगा। कार्यक्रम को डॉ. वीणा साहू, बाबूलाल साव व चंद्रप्रकाश साहू ने भी संबोधित किया। इस सफल आयोजन के लिए नगर साहू ▶▶ शेष पेज 11 पर

## सीसीआरटी के रिफ्रेशर कोर्स में छत्तीसगढ़ के 11 शिक्षक शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

दिल्ली में केंद्र सरकार द्वारा संचालित सांस्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र द्वारा शिक्षकों के लिए 14 से 18 अक्टूबर तक आयोजित पुनश्चर्या पाठ्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

इसके बाद विभिन्न लोक नृत्यों की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनमें छत्तीसगढ़ के पारंपरिक नृत्य और संगीत की झलक देखने को मिली। छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक धरोहर को सीआरटी दिल्ली में प्रदर्शित करने पर अन्य राज्यों के शिक्षकों द्वारा ताली बजाकर प्रोत्साहन किया।

इस पाठ्यक्रम में शिक्षकों में मितांजलि मोहंती, रामजी निषाद, राकेश निषाद, कंचनलता यादव, वंदना शर्मा, ताराचंद जायसवाल, प्रफुल्ल साहू, गायत्री ठाकुर, दुष्यंत कुमार सोनी और हरीश पांडे शामिल थे।



### 11 शिक्षकों ने हिस्सा लिया

इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ से रामजी निषाद व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कनकी सहित 11 शिक्षकों ने भाग लिया। उन्होंने अपने राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन किया, जिससे अन्य राज्यों के शिक्षकों को छत्तीसगढ़ की अनूठी संस्कृति से परिचित होने का अवसर मिला। छत्तीसगढ़ के शिक्षकों ने अपनी प्रस्तुति की शुरुआत राज्य गीत अरपा पैरी के धार से की, जो राज्य के सांस्कृतिक गौरव और जनजीवन की महत्ता को दर्शाता है।

## छापे की कार्रवाई से व्यापारियों में नाराजगी, जांच करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

राजधानी से आई खाद्य सुरक्षा की उड़नदस्ता टीम ने बीते दिवस भाटापारा की खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों में जो छापा मारा उसे लेकर अब सवाल उठने लगे हैं। मामले से जुड़े एक कारोबारी ने अपना नाम प्रकाशित नहीं करने की शर्त पर बताया कि कार्रवाई शुरू से ही संदेहास्पद नजर आ रही थी। महज दिखावा लगने वाली इस कार्रवाई में भारी लेन-देन की आशंका है। व्यापारी समुदाय का मानना है कि छापा और जांच के नाम पर अवैध रूप से यह वसूली तब की जा रही है, जब मंदी का दौर चल रहा है। ऊपर से त्योहार भी सिर पर है। भाटापारा की एक दाल और एक पोहा मिल में की गई जांच में उड़नदस्ता टीम द्वारा ऐसी गतिविधि की गई, जिसमें भारी लेन-देन किया गया। नाराज व्यापारी अब मांग कर रहे हैं कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जाए। साथ ही आधिकारिक बयान भी दिया जाना चाहिए।

### टीम की कार्रवाई की भी जांच होगी

स्टेट कंट्रोलर इस मामले में स्टेट कंट्रोलर फूड सेफ्टी चंदन कुमार ने कहा कि राज्य में टीम गठित की गई है। प्रदेश में जांच की कार्रवाई भी चल रही है। बलौदाबाजार जिले में भी टीम द्वारा जांच की कार्रवाई की गई है, जहां तक व्यापारियों की शिकायत की बात है, तो टीम की कार्रवाई पर भी जांच कार्रवाई की जाएगी।

## जानलेवा हमले के फरार दो आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर

**भाटापारा।** हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस ने आरोपियों को लगभग महीनेभर बाद भी गिरफ्तार नहीं कर पाई है। पीड़ित ने गिरफ्तार करने की मांग की है। विगत 27 सितंबर को सुभाष वार्ड निवासी आकाश सिंह पिता राजेश सिंह ठाकुर रात में अपने घर के पास स्थित लखन कॉलोनी में अपने दोस्त हिमांशु सोनी व पुष्कर यादव के साथ बैठे हुए थे। इसी दौरान वार्ड के अपराधी किस्म के कुछ व्यक्ति उनके पास आकर शराब पीने के लिए पैसे का मांग करने लगे। नहीं देने पर उन दोनों बदमाशों को यह बात नागवार गुजरी और खूंखार बन गए तथा आकाश ठाकुर की हत्या करने की नीयत से धारदार वस्तु से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। आकाश के सिर और चेहरा में गंभीर चोट लगी।वह खून से लथपथ होकर गिर पड़ा, ▶▶ शेष पेज 11 पर

### सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर व्याख्यान में शामिल हुए मंत्री टंकराम

# जनजातीय समाज का भारत की आजादी में है महत्वपूर्ण योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा सोमवार को जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत, ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों ने मां सरस्वती, बिरसा मुण्डा, शहीद वीरनारयण सिंह, रानी दुर्गावती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया।




कार्यक्रम में मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि समाज के इतिहास का ज्ञान सब को होना चाहिए। इतिहास के अध्ययन से ही वर्तमान और भविष्य संवरता है। जनजातीय समाज का भारत की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान है। इस समाज के भगवान बिरसा मुण्डा, शहीद वीरनारायण सिंह, रानी दुर्गावती, गुण्डाधुर, संत गहिरा गुरु, राजा प्रवीर चंद्र भंजदेव जैसे विभूति अवतरित हुए हैं। उन्होंने कहा कि पुरातन संस्कृति, संस्कार, रीति–रीवाज को जब तक सहेज के रखेंगे तब तक हमारा अस्तित्व रहेगा। हमें गर्व है कि आज देश के सर्वोच्च पद पर एक जनजाति समाज की बेटी आसीन है। हमारे प्रदेश के मुखिया भी जनजाति समाज का प्रतिनिधित्व करते हैं।

### प्रतिभागियों को प्रणाम पत्र प्रदान किया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनजातीय समाज की उत्थान के लिए पीएम जनमन योजना लागू किया है। इस अवसर पर निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को प्रणाम पत्र प्रदान किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में लवी मलाकी प्रथम, टिकेश ध्रुव द्वितीय एवं माधुरी कन्नौजे तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं निबंध लेखन प्रतियोगिता में रेणु कुर्रे प्रथम, अरमान खंडेलवाल द्वितीय एवं पल्लवी जलहरे तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विजय केशरवानी, जनपद उपाध्यक्ष ईशान वैष्णव, जनपद पंचायत सिमगा सभापति अनुपम अग्रवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, नरेश केशरवानी, योगेश अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. एआरसी जेम्स, डॉ. एसएम पाध्येय, डॉ. एके उपाध्याय उपस्थित थे।


**पाठक सूचना**

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप



### विधायक साहू ने किया निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

**रायपुर।** रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने रविवार को जोन 10 के 4 वार्डों में 2 दर्जन से अधिक स्थानों पर निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। उन्होंने रानी दुर्गावती वार्ड स्थित राममंदिर के नाला निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। साथ ही कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड, बाबू जगजीवन राम वार्ड, रविंद्रनाथ टैगोर वार्ड में नए विकास कार्यों का भूमिपूजन वार्ड पार्षदों की उपस्थिति में किया।

रायपुर ग्रामीण विधायक श्री साहू ने 4 वार्डों में 6 करोड़ 42 लाख 23 हजार की लागत से विविध कार्यों का भूमिपूजन किया। भूमिपूजन कार्यक्रम में वार्ड पार्षद उमा चंद्रहास निर्मलकर, रवि ध्रुव, जोन कमिश्नर राकेश शर्मा, कार्यपालन अभियंता दिनेश सिन्हा, सहायक अभियंता फत्तेलाल साहू सहित वार्डवासी उपस्थित रहे। विधायक श्री साहू ने करवा चौथ के पर्व पर महिलाओं को शुभकामनाएं दीं।

### जोन अध्यक्ष होरा ने किया भूमिपूजन



**रायपुर।** जोन अध्यक्ष बंटी होरा ने अपने जन्मदिन के अवसर रविवार को वार्डवासियों को करीब 2 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी। इस मौके पर उन्होंने शहीद हेमू कालाणी वार्ड में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। देवेंद्र नगर सेक्टर-5 स्थित रामेश्वर गार्डन में नागरिकों की मौजूदगी में पार्षद श्री होरा ने भूमिपूजन किया। कार्यक्रम स्थल पर वार्डवासी एवं सफाई कर्मचारियों ने केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया। इस दौरान सहायक अभियंता पीडी धृतलहरे, शत्रुहन देशलहरे सहित वार्डवासी मौजूद रहे।

### बूढ़ा गार्डन क्षेत्र में चौपाटी का ग्रीन आर्मी ने किया विरोध



**रायपुर।** पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य कर रही ग्रीन आर्मी संस्था बूढ़ा गार्डन को बचाने के लिए सामने आई है। प्रदेश मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु ने बताया कि पर्यटन विभाग को चौपाटी के नाम पर तालाबों और धरोहर से खिलवाड़ नहीं करनी चाहिए। चौपाटी की छत से दानी गर्ल्स स्कूल सीधे दिखाई दे रहा है। यहां हजारों स्थानीय निवासियों से लेकर शहरवासी तक मॉर्निंग वॉक, योगा, एवं स्वास्थ लाभ लेने रोजाना आते हैं। पाथवे पर चलकर लोग स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं, वहां चौपाटी का निर्माण इंसानों, पंछियों, जीव जंतुओं से लेकर पर्यावरण के लिए हानिकारक है। ग्रीन आर्मी संस्था द्वारा रविवार को 100 से अधिक सदस्यों एवं स्थानीय निवासियों के साथ चौपाटी निर्माण का विरोध दर्ज कराया गया। प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे ने उपस्थितजनों का आभार जताया।

### छठ पूजा धूमधाम से मनाने का लिया निर्णय



**रायपुर।** छुईयां छठ तालाब हीरापुर में उत्तर भारत समाज कल्याण समिति की आम बैठक हुई। इस दौरान 5 नवंबर को छठ पूजा पर्व धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। विगत माह हुए समाज के चुनाव में निर्वाचित सचिव नंदन कुमार झा एवं कोषाध्यक्ष सत्येंद्र नारायण सिंह को शपथ दिलाई गई तथा नियुक्ति प्रमाणपत्र भी दिया गया। बैठक में संस्थापक सदस्य दिवाकर अवस्थी, दिलीप सिंह, सरोज सिंह, रमन पंडित, श्रीकांत तिवारी, दिवाकर सिंह, राणा प्रताप सिंह समेत अनेक सदस्य मौजूद रहे।

# मरीन ड्राइव में रीक्रिएशन जोन के साथ गार्डन एरिया में एम्युजमेंट पार्क, 25 से होगी शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

राजधानी के तेलीबांधा सरोवर परिसर में रीक्रिएशन जोन विकसित करने वाली एजेंसी अब बच्चों व बड़ों के लिए गार्डन एरिया में एम्युजमेंट पार्क की सौगात देने जा रही है। 25 अक्टूबर से इसकी शुरुआत होगी, जहां एक से बढ़कर एक मनोरंजक, आकर्षक झूले, फ्लाइंग कॉप्टर, ड्रैगन राइड, ड्रॉप टॉवर, हॉर्स राइड्स, कप एंड सॉशर गेम, ट्रेम्पोलाइन सहित अन्य एडवेंचर गेम उपलब्ध होंगे। रविवार को एम्युजमेंट पार्क स्थल पर किड्स कार, ट्रेन ट्रेक्स को व्यवस्थित करने कर्मचारी जुटे रहे। दरअसल मेट्रो सिटी की तर्ज पर तेलीबांधा तालाब के एक छोर से दूसरे छोर तक पहुंचने निगम से अनुबंधित एजेंसी फ्लोटिंग डेक बना रही है। साथ ही गार्डन एरिया में एक एडवेंचर टॉवर बनाया जा रहा है। यह टॉवर 60 फीट ऊंचा रहेगा। इसे लैंडिंग टॉवर का नाम दिया गया है। जहां से आने वाले दिनों में लोग तालाब का सुंदर नजारा देख पाएंगे। गार्डन एरिया में 25 अक्टूबर से एंम्युजमेंट पार्क शुरू किया जा रहा है, जहां बच्चों व बड़ों के मनोरंजन के लिए विविध तरह के साधन होंगे। किड्स एम्युजमेंट में बच्चों के लिए किड्स कार, ट्रेन ट्रेक्स, ड्रैगन की सवारी, फ्लाइंट कॉप्टर समेत अन्य तरह के गेम्स रहेंगे।

## बच्चों के मनोरंजन, खेलकूद के लिए फ्लाइंग कॉप्टर, ड्रैगन राइड, आकर्षक झूले







### आगामी दिनों में एडवेंचर गेम्स भी

ईसीएचटी मैनेजमेंट के माध्यम से मेगा एडवेंचर और टूरिज्म हब का स्वरूप देने यह कार्य कराया जा रहा है। कंपनी के डायरेक्टर राजीव सेंगर ने बताया कि पर्यटकों के लिए नई गतिविधियां तेलीबांधा तालाब के आकर्षण को और बढ़ाने शुरू की जा रही हैं। इसी कड़ी में एम्युजमेंट पार्क एक नई सौगात होगा। आने वाले दिनों में एडवेंचर गेम भी शुरू किए जाएंगे, जिसमें वाटरबॉडी क्रॉस करने वाली अनोखी जिप लाइनिंग, जिप साइकिलिंग और जिप रोलर गतिविधियां आकर्षण का केंद्र होंगी।

## संकरी सड़क पर ट्रैफिक जाम कम करने की प्लानिंग

# पौन किमी लंबी फोरलेन सड़क बनाने खर्च होंगे 26.52 करोड़, गुढ़ियारी से जुड़ेगा स्टेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रेलवे स्टेशन आने-जाने वालों को जल्द ही गुढ़ियारी पड़ाव से रेलवे जंक्शन के बीच लगने वाले ट्रैफिक जाम से राहत मिलने वाली है। इसके लिए सरकार ने 26.52 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति के साथ ही पौन किलोमीटर सड़क निर्माण के दायरे में आने वाली जमीन के मालिकों के लिए मुआवजे का प्रावधान किया है। पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से जुड़े लोगों को फोरलेन सड़क की सौगात मिलने से रेलवे स्टेशन तक आवागमन सुगम होगा। राजधानी के पश्चिम विधानसभा क्षेत्र को फिर चमकाने में जुटे पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक राजेश मूणत की प्लानिंग पर सीएम विष्णु देव साय ने मंजूरी की मुहर लगाई है। साथ ही गुढ़ियारी को एक और फोरलेन सड़क की सौगात दी है। यह सड़क शुक्रवारी से होते हुए प्लेटफार्म-5 स्थित रेलवे फाटक को जोड़ेगी। अभी यह सड़क कई जगह बेहद संकरी है। अब करीब पौन किमी लंबी सड़क निर्माण के लिए सरकार ने 26.52 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी है। सड़क निर्माण की मंजूरी से पश्चिम क्षेत्र में सड़कों का इंफ्रास्ट्रक्चर और बेहतर करने की तैयारी शुरू हो गई है। शुक्रवारी बाजार से रेलवे स्टेशन तक 0.78 किमी लंबी फोरलेन बनने से आवागमन भी बेहतर होगा।

## मुख्यमंत्री ने किया मुआवजे का प्रावधान, निर्माण के लिए वित्तीय मंजूरी



### त्योहार के बाद शुरू होगा सर्वे

शासन को फोरलेन सड़क बनाने के लिए भेजे गए प्रस्ताव के साथ ही मुआवजे के लिए भी स्वीकृति मिली है। फोरलेन सड़क बनाने से पहले त्योहार के बाद सर्वे की प्रक्रिया होगी। इसके बाद सभी प्रोसेस को क्रम से करते हुए लोगों को नई सुविधा से जोड़ने की तैयारी है।

**- राजेश मूणत,** विधायक, पश्चिम

### ...तब ड्राइंग-डिजाइन होगी फाइनल

*सड़क निर्माण से पहले प्रभावित होने वालों का सर्वे कराया जाएगा। इसके बाद मुआवजे समेत सारी प्रक्रिया के बाद नए साल यानी 2025 में टेंडर जारी कर एजेंसी से निर्माण शुरू कराने की तैयारी है। इसके पहले सक्षम अधिकारी से तकनीकी स्वीकृति भी ली जाएगी। इस सड़क पर पुल-पुलिया बनाने हों तो उसकी ड्राइंग-डिजाइन भी फाइनल कराने का प्रावधान किया गया है। सड़क की चौड़ाई बढ़ाने भू-अर्जन के लिए सर्वे का काम त्योहार के बाद शुरू होगा। प्रस्ताव के अनुसार भू-अर्जन की राशि के लिए भी स्वीकृत दी गई है।*

### ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत

*गुढ़ियारी सहित समूचे पश्चिम क्षेत्र को ट्रैफिक फ्री बनाने और क्लीयर एंट्री के लिए इस सड़क का प्रस्ताव तैयार किया गया है। सड़क केवल स्टेशन ही नहीं, बल्कि गुढ़ियारी को स्टेशन इलाके से भी जोड़ेगी। अभी कई जगह सड़क संकरी है, इसलिए ट्रैफिक जाम होने से दिक्कतें होती हैं। विशेषज्ञों व शुक्रवारी इलाके के लोगों से लंबे विचार-विमर्श से मिले सुझाव के बाद प्रस्ताव शासन को भेजा गया। यह सड़क बनने से टाटीबंध, हीरापुर, कबीर नगर, गोगांव, सरोरा ही नहीं, बल्कि बिरगांव सहित 20 से ज्यादा क्षेत्रों की आबादी को राहत मिलेगी।*

# 21 साल में 7 हजार से बढ़कर 20 हजार हो गए राशन कार्डधारी

## पार्षदों ने कलेक्टर को बताया- दुकानें अब भी सिर्फ 10

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




बुनियादी सुविधाओं से जूझते बिरगांव निगम में मौजूदा संसाधनों का अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि यहां अभी भी 21 साल पुरानी राशन वितरण व्यवस्था चल रही है।

- बिरगांव निगम के 40 वार्डों में अभी भी परिषद की खाद्यान्न वितरण व्यवस्था

2003 में जब बिरगांव नगरपालिका थी, तब करीब 7 हजार राशन कार्डधारक थे। तब उनके लिए 35 वार्डों में से सिर्फ 10 राशन दुकानों का संचालन शुरू हुआ। अभी आबादी के लिहाज से शासन ने करीब 10 साल पहले नगर निगम का दर्जा दे दिया। वर्तमान में 40 वार्डों में 20 हजार से ज्यादा हितग्राही हैं। इनके लिए अभी भी सिर्फ 10 दुकानों का ही संचालन किया जा रहा है। राजधानी से सटे बिरगांव निगम क्षेत्र में राशन दुकानों की स्थिति बेहद खराब है। हर दुकान में करीब दो हजार हितग्राही जुड़े हुए हैं। राशन लेने के लिए उन्हें कई दिन रोजी-मजदूरी से भी छुट्टी लेनी पड़ती है। इसे देखते हुए निगम के प्रभावित वार्ड के पार्षदों ने कलेक्टर को मामले में त्वरित कार्यवाही के लिए ज्ञापन भी दिया है। इसमें जिक्र है कि क्षेत्र में लगभग 20 हजार राशन कार्डधारी हैं। इनके लिए अभी भी दस राशन दुकानें ही संचालित हैं। श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र है, यहां के वार्डों में रहने वाले लोगों में श्रमिकों की अधिकता है। इनका जीवनयापन दैनिक मजदूरी पर आश्रित है। राशन दुकानों की संख्या राशन कार्डधारियों के हिसाब से बहुत कम है। इसके चलते राशन दुकानों में भीड़ होने एवं दुकानों के नियमित रूप से नहीं खुलने से श्रमिकों को भटकना पड़ता है।

### समय पर नहीं मिल पाता राशन

*प्रतिनिधियों ने बताया कि राशन दुकानें कम होने से लोगों को एक से डेढ़ किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। राशन नहीं मिलने या दुकान बंद की स्थिति में छुट्टी लेने से रोजी-रोटी का नुकसान होता है। इसे ध्यान में रखते हुए पहली बार प्रतिनिधियों ने मुखर होकर 30 नई राशन दुकानें खोलने के लिए अपने कार्यकाल में तीसरी बार मांग की है। इसके बाद भी किसी प्रकार की सकारात्मक पहल नहीं की जा रही है। अब अगर इसमें विलंब किया जाता है तो विरोध प्रदर्शन भी किया जाएगा।*

# राशनकार्ड पोर्टेबिलिटी में छग के 5 जिले सबसे आगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

वन नेशन वन राशनकार्ड योजना राज्य के उन श्रमिकों, गरीबों के लिए मददगार साबित हो रही है, जो अपना परिवार पालने के लिए देश के अलग-अलग राज्यों में जाकर मजदूरी करते हैं। छत्तीसगढ़ में चालू अक्टूबर माह में 6 लाख 10 हजार से अधिक ऐसे लोग दूसरे स्थानों पर जाकर राशनकार्ड पोर्टेबिलिटी के माध्यम से राशन ले चुके हैं। वन नेशन वन राशनकार्ड योजना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि देशभर में राशन कार्डधारी अपनी खाद्य सुरक्षा के अधिकारों का लाभ किसी भी राज्य में उठा सकें। यह योजना विशेष रूप से उन प्रवासी मजदूरों के लिए फायदेमंद है, जो एक राज्य से दूसरे राज्य में काम के लिए जाते हैं और वहां अपने राशन का दावा करना चाहते हैं। छत्तीसगढ़ राज्य में भी यह योजना सक्रिय रूप से लागू है और इसकी पोर्टेबिलिटी के तहत लोग अपने राशन को राज्य के भीतर किसी भी जिले या शहर में ले सकते हैं।



- वन नेशन वन राशनकार्ड योजना का मिल रहा लाभ

### इन जिलों में सबसे अधिक पोर्टेबिलिटी

छत्तीसगढ़ में कुल राशनकार्डों की संख्या 78 लाख 74 हजार 926 है। इन कार्डधारियों में से लाखों ऐसे लोग हैं, जो रोजगार के सिलसिले में अपने जिले या राज्य से बाहर जाकर मजदूरी कर रहे हैं। जिन जिलों के सबसे अधिक राशन कार्डधारियों ने पोर्टेबिलिटी का लाभ उठाया है, उनमें बिलासपुर, दुर्ग, जांजगीर-चांपा, कोरबा, मुंगेली, सरगुजा और रायपुर जिले के लोग शामिल हैं। इससे ये भी पता लगता है कि इन जिलों के लिए अन्य जिलों या राज्यों में लोग जाकर काम कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में इस योजना के तहत राशन कार्डधारकों को व्यापक लाभ मिल रहा है। राज्य में पोर्टेबिलिटी के आंकड़े काफी सकारात्मक हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, छत्तीसगढ़ में लाखों लोगों ने इस योजना का लाभ उठाया है। राज्य में कुल पोर्टेबिलिटी लेनदेन की संख्या निरंतर बढ़ रही है, खासकर उन जिलों में, जहां प्रवासी मजदूरों की संख्या अधिक है।

# महिला ऑपरेटरों ने धरनास्थल पर रखा करवा चौथ का व्रत



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नवा रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल पर 2 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना दे रहीं प्रदेश की महिला डाटा एंट्री ऑपरेटरों ने करवा चौथ व्रत रखकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, कंप्यूटर आपरेटर संघ के आव्हान पर प्रदेशभर के 2739 धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर दीपावली के पूर्व 7 माह के लंबित वेतन का भुगतान करने और 27 फीसदी वेतनवृद्धि का लाभ देने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं।

- 7 माह से वेतन नहीं मिला, आजीविका पर संकट

संघ के प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत मोहरे ने बताया कि लामबंद डाटा एंट्री आपरेटर सोमवार को मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेंगे। 22 तारीख को वित्त मंत्री निवास का घेराव करने की तैयारी की गई है।

# बृहन्न महाराष्ट्र मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने सीएम से की मुलाकात, दिया निमंत्रण

राष्ट्रीय अध्यक्ष मिलिंद महाजन के साथ मिलने पहुंचा प्रतिनिधिमंडल



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बृहन्न महाराष्ट्र मंडल नई दिल्ली का राष्ट्रीय सम्मेलन 10 से 12 जनवरी को महाराष्ट्र मंडल रायपुर में आयोजित किया जा रहा है। शनिवार की रात बृहन्न महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष मिलिंद महाजन के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की और उन्हें कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने का निमंत्रण दिया। सीएम श्री साय ने निमंत्रण सहर्ष स्वीकार किया। बृहन्न महाराष्ट्र मंडल के छत्तीसगढ़ प्रांत प्रभारी सुबोध टोले ने बताया कि मुख्यमंत्री ने जिज्ञासावश बृहन्न महाराष्ट्र मंडल के बारे में प्रतिनिधिमंडल से और भी जानकारी जुटाई और कई सवाल पूछे। पूर्व लोकसभा अध्यक्ष और इंदौर की आठ बार की सांसद सुमित्राताई महाजन के सुपुत्र मिलिंद महाजन ने बताया कि भव्य पैमाने पर होने वाले अधिवेशन में परंपरानुसार महाराष्ट्र सरकार के बतौर प्रतिनिधि नवपदस्थ मंत्री के शामिल होने की भी संभावना है। इस मौके पर देशभर से आने वाले प्रतिनिधियों को छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा से अवगत कराया जाएगा। रायपुर के समीपस्थ दर्शनीय स्थलों को दिखाने का भी विचार है। अधिवेशन को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। सीएम से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में बृहन्न महाराष्ट्र मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शेखर राव साहेब अमीन, महाराष्ट्र मंडल रायपुर के अध्यक्ष अजय मधुकर काले, उपाध्यक्ष गीता श्याम दलाल एवं सचिव पं. चेतन दंडवते शामिल रहे।

## बूढ़ापारा धरनास्थल की जगह के पास कचरा डंपिंग जोन

# जहां कचरा, वहां चौपाटी, सेहत से खिलवाड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अफसर शहरवासियों की सेहत के साथ खिलवाड़ करने जा रहे हैं। बूढ़ापारा धरनास्थल वाली जगह पर जहां कचरा डंपिंग जोन की वजह से लोगों का आवागमन मुश्किल होता है, वहां चौपाटी बनाई जा रही है। वेंडिंग जोन के नाम से दर्जनभर गुमटियों को किराए पर दिया जाएगा। जहां कूड़े-करकट की दुर्गंध के बीच खाने-पीने के सामान बेचे और परोसे जाएंगे। जहां न तो गाड़ियों की पार्किंग की समुचित व्यवस्था है और न ही सुरक्षा के इंतजाम। ऐसे में मुख्य मार्ग की सड़क पर देर शाम गाड़ियों की लाइन लगने से ट्रैफिक जाम की आशंका भी है। रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा बूढ़ातालाब के सामने पुराने धरनास्थल के पास वेंडिंग जोन बनाया जा रहा है। जहां 10 बाई 10 वर्गफीट के 12 वेंडिंग कॉर्ट किराए पर दिए जाएंगे। यहां खाने-पीने के सामग्री बेची और परोसी जाएगी। नगर निगम के कचरा डंपिंग जोन को हटाए बिना यहां वेंडिंग जोन बनाने को लेकर लोग परेशान हैं, क्योंकि जहां ये वेंडिंग कॉर्ट बनाए जा रहे हैं, उसके ठीक सामने रोज सुबह-शाम ठेका कंपनी की कचरा गाड़ियां शहर के अलग-अलग इलाकों का कूड़ा-करकट खाली करने कतार से खड़ी रहती हैं। इसके चलते यहां से आने-जाने वाले आमजन नाक पर कपड़ा बांधे बिना गुजर नहीं सकते। उसी जगह पर चौपाटीनुमा वेंडिंग जोन की प्लानिंग पर सवाल उठने लगे हैं।

- दुर्गंध से यहां बैठना तो दूर, खड़े रहना तक मुश्किल
- रोज सड़क पर लग रही कचरा गाड़ियों की कतार



### महापौर से लेकर स्थानीय रहवासी, वार्ड पार्षद भी विरोध में

*बूढ़ापारा धरनास्थल को शहर के बीच से हटाने स्थानीय रहवासियों ने एकजुटता दिखाई। बड़ी जद्दोजहद के बीच धरनास्थल को नवा रायपुर के तूता में शिफ्ट किया गया। महापौर एजाज ढेबर की परिषद ने धरनास्थल वाली जगह सुरक्षित रखने बाउंड्रीवॉल बनवाई। तब निगम प्रशासन की ओर से ये कहा गया कि वहां छोटा-सा गार्डन बनाया जाएगा, पर निगम आयुक्त और स्मार्ट सिटी के एमडी अबिनाश मिश्रा ने धरनास्थल वाली जगह पर वेंडिंग जोन का प्लान बनाकर इसके लिए टेंडर करा दिया, जिसका विरोध स्थानीय रहवासियों सहित सामाजिक कार्यकर्ता और वार्ड पार्षद सीमा-मुकेश कंदोई कर रहे हैं। महापौर एजाज ढेबर ने कहा कि धरनास्थल वाली जगह पर चौपाटी नहीं बनने देंगे, क्योंकि निर्माण स्थल के पास नगर निगम का कचरा डंपिंग जोन बना है। यहां वेंडिंग जोन बनाना लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ है।*

# प्रदेश के अमन चैन के लिए मसीही समाज ने निकाली शांति यात्रा



**रायपुर।** मसीही समाज के सैकड़ों युवाओं द्वारा 20 से 25 अक्टूबर तक रायपुर से कांकेर, जगदलपुर, दंतेवाड़ा, सुकमा, कोंटा, बीजापुर, नारायणपुर तक प्रदेश के अमन चैन के लिए मोटर साइकिल के माध्यम से प्रदेश में शांति का संदेश देने शांति यात्रा निकाली गई।

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी अपनी धर्मपत्नी ऋचा जोगी के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर अमित जोगी ने कहा, छत्तीसगढ़ को शांति का टापू के नाम से जाना जाता है, सामाजिक सद्भाव, स्नेह और आपसी भाईचारा छत्तीसगढ़ की पहचान है। मसीही समाज के युवाओं के द्वारा ऐसे समय में रायपुर से बस्तर तक शांति यात्रा निकाली जा रही है। जब प्रदेश में अपराध चरम सीमा पर है। यात्रा से शांति का बड़ा संदेश जाएगा और एक परिवर्तन आएगा। यह आयोजन बिशप रेव्ह. सुषमा कुमार के निर्देशन एवं नितिन लॉरेन्स के प्रयास से संभव हुआ है।

## खबर संक्षेप



### इंटरनेशनल डांस स्पर्धा में समृद्धि प्रथम

**रायपुर।** ऑल इंडिया डांस एसोसिएशन की ओर से रंग मंदिर में 12 से 21 अक्टूबर तक इंटरनेशनल डांस प्रतियोगिता और नटवर गोपीकृष्ण अवार्ड-2024 का आयोजन किया गया है, जिसमें समृद्धि यादव ने भरतनाट्यम नृत्य के सब जूनियर केटेगरी में प्रथम स्थान प्राप्त किया और उनके नृत्य ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। समृद्धि कृष्णा पब्लिक स्कूल डूंडा में चौथी की छात्रा हैं। नृत्य के साथ तीरंदाजी और पढ़ाई में भी विशेष योग्यता रखती हैं। समृद्धि अपनी सफलता का श्रेय अपने नाना पीआर अहीर के प्रोत्साहन को देती हैं। वे डॉ. संजीव कुमार यादव और डॉ. डाली अहीर के पुत्री हैं।

### डॉ. सिंह बने गहिरा गुरु विवि के कुलपति

**रायपुर।** संत गहिरा गुरु विश्व विद्यालय सरगुजा (अंबिकापुर) के कुलपति पद पर डॉ. प्रेमप्रकाश सिंह की नियुक्ति की गई है। इस संबंध में राज्यपाल एवं कुलाधिपति रामेन डेका के हस्ताक्षर से आदेश जारी किया गया है। इससे पहले उच्च शिक्षा विभाग ने इस विश्वविद्यालय में धारा 52 लगाई थी। अब राज्य शासन के परामर्श से राज्यपाल एवं कुलाधिपति ने डॉ. सिंह को कुलपति नियुक्ति किया है। बताया गया है कि डॉ. सिंह महली भगत शासकीय स्नातक महाविद्यालय कुसमी जिला बलरामपुर-रामानुजगंज में बतौर प्राध्यापक (प्राणीशास्त्र) सेवाएं दे रहे थे। उन्हें आगामी आदेश तक के लिए कुलपति नियुक्त किया गया है। डॉ. सिंह ने भागलपुर से अपनी स्कूली पढ़ाई पूरी की है। फिर टीएनबी कॉलेज से पढ़ाई की। रिसर्च फेलो विश्व भारती शांति निकेतन से किया। नेट रिसर्च फेलोशिप भाभा एटॉमिक सेंटर बार्क में चयनित हुए।

**दस्तावेज लेखक की हड़ताल : स्टांप और टिकट के लिए भटकते रहे ग्राहक**

# रोजी रोटी खतरे में, धरने पर बैठे स्टाम्प वेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल






प्रदेश दस्तावेज लेखक जन कल्याण संघ सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए है। उनके हड़ताल पर जाने से आमजनों को स्टाम्प, टिकट जैसे महत्वपूर्ण सेवा नहीं मिल पा रही है। राज्य शासन द्वारा जारी किए गए ऐप के विरोध में कसडोल नगर के समस्त दस्तावेज लेखक एसडीएम कार्यालय परिसर में हड़ताल पर बैठे हैं। उनके द्वारा अपनी मांगों को लेकर महानिरीक्षक पंजीयन एंड मुद्राक वाणिज्य भवन नया रायपुर, अनुविभागीय अधिकारी कसडोल राजस्व, अध्यक्ष अभिभाषक (अधिवक्ता) संघ कसडोल को ज्ञापन सौंपा गया है। उन्होंने अपने ज्ञापन में लिखा है कि प्रदेशभर के पंजीयन कार्यालय में वर्षों से अवैतनिक सेवा देने वाले दस्तावेज लेखक एवं स्टाम्प विक्रेता द्वारा अपनी कुछ जायज मांगों के पूरा किये जाने के लिये शासन का ध्यान आकृष्ट करने बाबत विभिन्न चरणों में अपना मांग पत्र सौंपा गया है, परन्तु उक्त मांगों पर कभी भी विचार नहीं किया गया, जिसके कारण दस्तावेज लेखकों और स्टाम्प विक्रेता द्वारा अपने प्रदेश संघ के माध्यम से एक दिवसीय कलम बंद हड़ताल किये, तत्पश्चात एक सप्ताह काली पट्टी लगाकर विरोध स्वरूप कार्य किये एवं 18,19, 20 सितम्बर को तीन दिवसीय हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया जाकर पुनः ज्ञापन सौंपा गया था। जिस पर आपके द्वारा हमारे संघ के प्रतिनिधि मंडल को सम्मान पूर्वक वार्ता के लिये आमंत्रित किया था और हमारी समस्याओं को 15 दिवस के अंदर पूरा किये जाने का आश्वासन दिया गया, परन्तु एक माह बीत जाने पर भी हमें अवगत नहीं कराया, जबकि जानकारी के लिये हमने 10 अक्टूबर को पत्र लिखा, जिसका कोई जवाब नहीं आया एवं इस बीच नई नई योजनाओं (आई टी साल्युशन, एनजीडीआरएस, ई-स्टाम्प) को लागू कर हमें करने को दिया गया है। हम अब तक बहुत ही सहजता से सभी योजनाओं व प्रक्रियाओं को स्वीकार कर पालन किए, परन्तु हमारी समस्यायों पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। इस बीच एक नई योजना (सुगम एप) को लागू कर दिया गया है। जो एक पारदर्शिता के नाम पर आम व्यक्ति द्वारा घर बैठे रजिस्ट्री करा सकने का प्रचार किया जा रहा है, जो एक प्रकार से दस्तावेज लेखकों और स्टाम्प विक्रेताओं को बेरोजगार करने का उपक्रम प्रतीत हो रहा है। इसलिये अब हम शासन से अपनी आजीविका की सुरक्षा की गारंटी के साथ पूर्व में दिये गये ज्ञापन में दर्शित विभिन्न मांग के साथ समस्त दस्तावेज लेखकों एवं स्टाम्प विक्रेताओं को पंजीयन विभाग में समायोजित किये जाने की मांग करते हुये 21 अक्टूबर से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने के लिये बाध्य है।

## पंजीयन विभाग में समायोजित किये जाने की मांग पर अड़े



**पलारी।** प्रदेशभर के पंजीकृत कार्यालय में वर्षों से अवैतनिक सेवा देने वाले दस्तावेज लेखक एवं स्टाम्प विक्रेताओं ने मांगों को लेकर शासन का ध्यान आकृष्ट करने पूर्व में अपना मांग पत्र सौंपा था, परन्तु उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया, जिसके कारण प्रदेश संघ के माध्यम से एक दिवसीय कलम बंद हड़ताल किये। इसके बाद एक सप्ताह तक काली पट्टी लगाकर विरोध स्वरूप कार्य किये एवं 18, 19, 20 सितम्बर को तीन दिवसीय हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया जाकर पुनः ज्ञापन दिया गया था। जिस पर महानिरीक्षक पंजीयन द्वारा संघ के प्रतिनिधि मंडल को सम्मानपूर्वक वार्ता के लिये आंमत्रित किया था और उनकी समस्यों को 15 दिवस के अंदर पूरा किये जाने का आश्वासन दिया गया था, परन्तु एक माह बीत जाने पर भी अवगत नहीं कराया, जबकि जानकारी के लिए 10 अक्टूबर को पत्र लिखा, जिसका कोई जवाब नहीं आया एवं इस बीच नये–नये योजनाओं (आई.टी. साल्यूशन, एनजीडीआर एस ई–स्टाम्प) को लागू कर स्टांप वेंडरों को कार्य करने दिया गया, जिसमें उन्होंने सभी योजनाओं व प्रक्रियाओं को स्वीकार कर पालन किया, परन्तु उनकी समस्याओं पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। इस बीच एक नई योजना (सुगम एप) को आपके द्वारा लागु कर दिया गया है, जो एक पारदर्शिता के नाम पर आम व्यक्ति द्वारा घर बैठे रजिस्ट्री करा सकने का उपक्रम प्रतीत हो रहा है। इसलिए अब हम शासन से अपनी आजीविका की सुरक्षा की गांरटी के साथ पूर्व में दिये गये ज्ञापन में दर्शित विभिन्न मांग के साथ समस्त दस्तावेज लेखकों एवं स्टाम्प विक्रेताओं को पंजीयन विभाग में समायोजित किये जाने की मांग करते हुए दस्तावेज लेखक संघ पलारी के अध्यक्ष शेष नारायण विश्वकर्मा के नेतृत्व में संगठन के सभी सदस्य 21 अक्टूबर से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए।

## हायर लर्निंग की कक्षा में शामिल हुईं अभिनेत्री आश्रिता वेमूगन्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



ग्राम कठिया स्थित प्रेरणा विद्यालय में आयोजित हायर लर्निंग की कक्षा में स्पीकर के रूप में दक्षिण भारत की अभिनेत्री एवं प्रसिद्ध भरतनाट्यम नृत्यांगना आश्रिता वेमूगन्ती प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं। बच्चों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि अगर आज मेहनत अच्छे से करोंगे तो उसका फल निश्चित ही समय आने पर आपको प्राप्त होगा। पढ़ाई के साथ–साथ नृत्य, खेल, स्कूल आदि के कार्यक्रमों में अवश्य शामिल हो, इससे आपका आत्मविश्वास बढ़ता है और आप अपने कौशल में निपूर्ण होते हैं। कक्षा नवमीं से 12वीं की हायर लर्निंग कक्षा में स्पीकर के रूप में डॉ. गीता कश्यप वेमूगन्ती की उपस्थिति रहीं। उन्होंने बच्चों से बात करते हुए डॉक्टर के प्रोफेशन तथा उनके द्वारा किए गए विभिन्न कार्य के बारे में बात की। साथ में बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कड़ी मेहनत करने के बाद भी उन्हें कई बार अपने प्रोफेशन को बदलना पड़ा और कई बार उन्हें जो चाहिए था, वह नहीं मिल पाया तो उन्होंने इस बात से प्रभावित न होते हुए आगे क्या नया कर सकते इस बारे में विचार किया। डॉ. गीता ने शोध का अर्थ बताते हुए कहा कि रिसर्च में समस्या को समझ कर उसे व्यवस्थित और उचित विधि के साथ उचित तरीके से कम्युनिकेट करना होता है। कक्षा 12वीं की छात्र श्रेया पास्तागिया और 11वीं की छात्र रुखमणी पाल द्वारा पूछे गए प्रश्नों कि कैंसर की बीमारी का कारण क्या होता है? कैंसर के लक्षणों का पता कैसे चलेगा? इत्यादि प्रश्नों का उत्तर देते हुए विस्तार से कैंसर की बीमारी और इलाज के बारे में बच्चों से बातचीत की। साथ ही उन्होंने आंखों में होने वाले ट्यूमर के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि ट्यूमर होने की ज्यादातर संभावनाएं बच्चों में उपस्थित होती है। इन कक्षाओं में 6 वीं से 12वीं के विद्यार्थियों के साथ विद्यालय की प्राचार्या, विद्यालय संचालक व वरिष्ठ शिक्षकगण उपस्थित थे।

## नपं चुनाव के लिए निर्वाचक नामावली तैयार, दावा आपत्ति 30 अक्टूबर तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल




छत्तीसगढ़ नगरपालिका निर्वाचन नियम 1994 के अनुसार नगर पंचायत टुण्डरा की वार्डवार निर्वाचक नामावली तैयार की गई है। साथ ही आम लोगों के निःशुल्क निरीक्षण के लिए उपलब्ध है। इसके तहत निर्वाचक नामावली 1 जनवरी 2024 के आधार पर तैयार की गई है। कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त अर्हकारी तारीख के संदर्भ में, निर्वाचक नामावली में किसी नाम को सम्मिलित किए जाने या किसी प्रविष्ट को संशोधित करने के लिये दावा करना चाहे या किसी व्यक्ति का नाम सम्मिलित किये जाने के संबंध में आपत्ति करना चाहे वह इस संबंध में अपना दावा या आपत्ति निर्धारित प्रारूप (फार्म) में 30 अक्टूबर अपरान्ह 3 बजे तक कर सकता है। विहित समय के पश्चात प्रस्तुत किये गये दावे या आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। प्रारंभिक निर्वाचक नामावली की सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथि से दावा आपत्ति के निराकरण की अंतिम तिथि तक नगरपालिका पर आ च छा दि त विधानसभा की निर्वाचक नामावली में नाम दर्ज करा लिये जाने के कारण नगरपालिका की निर्वाचक नामावली में सम्मिलित किये जाने के लिए आवेदन प्ररूप क-1 में 4 नवम्बर को जो कि दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि है, आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है। विहित समय के पश्चात प्रस्तुत दावे या अपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

### यहां की जा सकती है आपत्ति

जहां सभी वार्डों की निर्वाचक नामावलियां निरीक्षण के लिए उपलब्ध है और जहां किसी भी वार्ड के संबंध में दावे तथा आपत्तियां प्रस्तुत की जा सकती है, जिसमें प्रमुख रूप से कार्यालय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) स्थान-गिरौद, कार्यालय, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं तहसीलदार टुण्डरा, कार्यालय, नगर पंचायत टुण्डरा, प्राधिकृत कर्मचारी को कार्यालय जहां केवल किसी वार्ड विशेष की निर्वाचक नामावली उपलब्ध है और जहां उसके संबंध में दावे और आपत्तियां प्रस्तुत की जा सकती है।

## देशभर में चलाएंगे 'एक दीया श्रीराम के नाम' अभियान

**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक दिल्ली में हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ के चेयरमैन संजय रहेजा, कोषाध्यक्ष विक्की लोहाना, मनीष तलरेजा का सम्मान किया गया। इस बैठक में राष्ट्रीय पदाधिकारी दिल्ली, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, बिहार, बंगाल, तमिलनाडु, कर्नाटक, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, राजस्थान से भी शामिल हुए। इसी दौरान प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने एक प्रस्ताव रखा कि दिवाली के पूर्व एक सप्ताह पूर्व सिंधी काउंसिल द्वारा एक अभियान चलाया जाए, एक दीया श्रीराम के नाम। इस अभियान को सभी राज्य इकाई ने सराहा, साथ ही सभी राज्य इकाई अपने-अपने प्रदेश में इस अभियान को चलाएगी और निशुल्क दीए वितरण भी करेगी, ऐसा निर्णय लिया गया। सिंधी काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन लडानी ने कहा कि सभी प्रदेशों की सिंधी काउंसिल के सदस्य एक दीया श्रीराम के नाम अभियान को आम जनता तक ले जाए।

## शिक्षक संघ की हड़ताल 24 को



**पलारी।** वेतन विसंगति व क्रमोन्नत व समयमान वेतन मोदी की गारंटी में शामिल है, इसलिए शिक्षक संगठन 24 अक्टूबर को हड़ताल पर रहेंगे। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा ब्लॉक इकाई पलारी ने विकास खंड शिक्षा अधिकारी और बीआरसी को मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा और ज्वलंत मुद्दों पर को अधिकारी के समक्ष रखा। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष लोचन बांधे, ब्लॉक अध्यक्ष दयाराम ध्रुव, सचिव चुरामन सिन्हा, ब्लॉक उपाध्यक्ष दिलेश्वर भारतद्वाज शामिल थे।

## पेज 9 के शेष

### नगर साहू समाज...

समाज के अध्यक्ष राजेश साहू, छात्रावास प्रभारी नभ नारायण साहू, मनीराम साहू, लुकू साहू, तिलक साहू, पीताम्बर साहू, रवि साहू, जीत नारायण साव, सजीवन साहू, कुबेर साहू, निकेश साहू, लिकेश साहू, लाला साहू, कमला साहू, नारादेवी साहू, कल्याणी साहू, इंद्राणी साहू, गौरमती साहू, संध्या साहू, डॉली साहू, पेमिन साहू, सरस्वती साहू साथ ही 51 जोड़ों ने भरपूर सहयोग किया। कार्यक्रम का संचालन अजय साहू ने एवं आभार प्रदर्शन तिलक साहू ने किया।

### जानलेवा हमला के...

इसे मरा समझ कर दोनों बदमाश भाग निकले। वहीं पर मौजूद हिमांशु सोनी व पुष्कर यादव ने तुरंत निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी नाजुक हालत को देख गहन चिकित्सा कक्ष में रखा गया। इसकी रिपोर्ट शहर पुलिस थाने में लिखाई गई है। घटना के एक माह बीत जाने के बाद भी आरोपी विजय यादव उर्फ बीजू और दुर्गेश साहू उर्फ़ उन्नीस पुलिस पकड़ से अब तक बाहर है। पुलिस प्रशासन उक्त आरोपियों को पकड़ पाने में पूरी तरह से नाकाम रही है, जबकि प्रार्थी भयभीत हालत में अपने आप को असहाय महसूस कर रहा है। गिरफ्तार करने की मांग की है।












## खबर संक्षेप

### सीएचसी पिथौरा में फिक्स्ड डे मेंटल हेल्थ कैम्प का आयोजन

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत डॉ पी कुदेशिया सीएमएचओ महासमुंद, नीलू घृतलहरे डीपीएम और डॉ सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वय से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा में फिक्स डे मेंटल हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। जहां 29 मरीजों को निदान कर मनोसामाजिक परामर्श किया गया। मानसिक तनाव को कम करने के लिए प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कैंप में आए मरीजों और उनके परिजनों को समझाईश दी गई कि मरीजों का उचित देखभाल करें, उनसे सामान्य व्यवहार करें। उन्के रूचि गत विषय को ध्यान में रखते हुए विषय का चयन करने दें, मानसिक तनाव आत्महत्या जैसे कदम उठाने का प्रयास करते है तो उन्हें रिलेक्स सेशन कराए, समय का प्रबंधन करें, हल्का व्यायाम, ध्यान योग, खेल करने के लिए प्रेरित करने कहा गया। कैंप में डॉ बीबी कोसरिया बीएमओ पिथौरा, डॉ चित्रेस डडसेना, मेडिकल कालेज सह जिला चिकित्सालय स्पर्श क्लीनिक मनोरोग विभाग से राम गोपाल खूंटे, गौतम यादव आदि मौजूद रहे।

### आबकारी विभाग ने जब्त की 8.4 लीटर शराब

**महासमुंद।** रविवार को आबकारी वृत्त पिथौरा टीम द्वारा छापामार कार्रवाई की गई। पहला प्रकरण में ग्राम नवागांव चौकी बुंदेली थाना तेंदुकोना के जंगल किनारे रोहित यादव निवासी नवागांव के आधिपत्य से एक प्लास्टिक थैले में हिरन छाप के 14 पाउच कुल 2.8 बल्क लीटर ओडिशा राज्य निर्मित महुआ शराब कीमत 700 रुपए एवं 5 पाउच हाथभट्ठी महुआ शराब कुल 1 बल्क लीटर कीमती 200 रुपए कुल जब्त शराब 3.8 बल्क लीटर कीमत 900 रुपए बरामद कर जब्त किया गया। इसी तरह ग्राम गश्त दौरान ग्राम नवागांव चौकी बुंदेली थाना तेंदूकोना निवासी सुजली बाई यादव के आधिपत्य से 23 नग हिरण छाप ओडिशा राज्य निर्मित महुआ शराब कुल 4.6 बल्क लीटर कीमत 1150 रुपए बरामद कर जब्त किया गया। उक्त दोनों प्रकरण में अन्य राज्य की अवैध शराब का धारण करना आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) (क), एवं 36 का प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया। उपरोक्त कार्रवाई आबकारी उप निरीक्षक वृत्त पिथौरा शिवशंकर एवं आबकारी उप निरीक्षक वृत्त महासमुंद आंतरिक विकास बढेंद्र के नेतृत्व में की गई। आबकारी टीम महासमुंद का विशेष योगदान रहा।

### सात लीटर शराब जब्त

महासमुंद। ग्राम उड़ेला के बांध जाने के रास्ते में एक व्यक्ति से बसना पुलिस ने शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी सेत कुमार खुंटे पिता दिलीप सिंह खुंटे (39 साल) निवासी उड़ेला के कब्जे से 7 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 1400 रुपए जब्त किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### ट्रक में मिला 22.40 लाख का डोडा


महासमुंद। जिले की सिंघोड़ा पुलिस ने एनएच 53 ग्राम रेहटीखोल के पास सड़क किनारे खड़ी गाड़ी से 22 लाख 40 हजार रुपए का 2240 किलो अफीम पोस्त (डोडा) बरामद किया है। मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट की धारा के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।पुलिस ने बता कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक गेरूए रंग महिंद्रा कंपनी का ट्रक क्रमांक आरजे 04 जीसी 5944 एन एच 53 रोड बेरियर के कुछ आगे रोड किनारे खड़ा है। घटनास्थल पर जाकर देखा गया तो उक्त ट्रक के केबिन में कोई व्यक्ति नहीं था। आसपास चालक एवं वाहन मालिक की पतासाजी की गई, लेकिन कोई नहीं दिखा। 140 नग प्लास्टिक बोरियां मिली। प्रत्येक बोरी में 16-16 किलोग्राम कुल 2240 किलोग्राम नमीयुक्त मनोत्तेजक अवैध मादक पदार्थ अफीम पोस्त (डोडा) बरामद किया गया। मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए नारकोटिक्स एक्ट धारा 18 (ख) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

पर्व : महिलाओं ने सौंदर्य प्रसाधन एवं पूजा के सामान की जमकर खरीदारी की

# पति की दीर्घायु के लिए महिलाओं ने रखा करवा चौथ का व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी-रावन

रविवार को करवा चौथ का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने अपने पतियों के दीर्घायु के लिए निर्जला उपवास रखा और चांद को देखकर पूजा की। सुहागिन महिलाओं ने सुबह से ही उपवास रखकर अपने पति के दीर्घायु होने के लिए यह निर्जला व्रत किया। करवाचौथ का व्रत रखने वाली सुहागिन महिलाओं ने शाम होने पर चांद को चलनी से देखते हुए अपने पति के लंबी उम्र की कामना की। मान्यता है कि चांद को चलनी से देखने पर पति की उम्र लंबी होती है। पौराणिक काल से यह मानता चली आ रही है कि जब सत्यवान को लेने यमराज धरती पर आए तो सत्यवान की पत्नी सावित्री ने यमराज से अपने पति के प्राण वापस मांगने की प्रार्थना की। यमराज ने उसकी बात नहीं मानी। इस पर सावित्री अन्न जल त्याग कर अपने पति के मृत शरीर के पास बैठकर विलाप करने लगी। सावित्री के हठ को देखते हुए उस पर यमराज को दया आ गई। यमराज ने उसे वर मांगने को कहा। इस पर सावित्री ने कई बच्चों की मां बनने की मांग की। उसने सत्यवान को जीवित कर दिया। इससे पूर्व महिलाओं ने शनिवार को सौंदर्य प्रसाधन एवं पूजा के सामान की जमकर खरीदारी की। व्रत रखने वाली महिलाओं शैल वर्मा, सीमा वर्मा, जागेश्वरी वर्मा, नीतू वर्मा, नेहा वर्मा, मीरा वर्मा, सरिता वर्मा, ओमन वर्मा, कुसुम सिन्हा शामिल हैं।





### पति की दीर्घायु के लिए रखा उपवास

**खरोरा।** करवा चौथ पर सुहागिन महिलाओं ने व्रत रखकर पति के लम्बी आयु, वैवाहिक जीवन और सुख समृद्धि के लिए निर्जला व्रत रखा। व्रत में भगवान शिव, माता पार्वती, करवा माता, कार्तिकय और गणेश की विधि विधान से पूजा अर्चना की। चंद्रदर्शन और उन्हें अधर्य देने के बाद व्रत खोला गया। खरोरा सहित बुडेनी, केशला, माठ, तुलसी, गनियारी, असौन्दा आदि ग्रामों की महिलाओं ने करवा चौथ का व्रत रखा। प्रेम और विश्वास की प्रतीक करवा चौथ का व्रत सभी सुहागिन महिलाओं ने रखा। इस दौरान सभी महिलाएं निर्जला उपवास रही और पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर अपने पति की दीर्घायु की कामना की। चांद का दीदार कर छन्नी में अपने पतिदेव का दीदार किया। वहीं सुहागिन महिलाएं अपने पति के हाथों से गिलास, लोटे में जल पीकर उपवास पूर्ण की। ऐसी मान्यता है कि कच्चे धागे प्रेम और विश्वास की डोरी कभी न टूटे ऐसी प्रेम और विश्वास की डोरी को वटवृक्ष में बांधकर के सुख शांति समृद्धि की कामना की।

### रखा गया निर्जला व्रत

**भटगांव।** पति की लंबी उम्र के लिए सुहागिनों ने रविवार को करवा चौथ पर्व पर निर्जला व्रत रखा। मौसम में बदलाव की वजह से हल्की ठंडक ने व्रति महिलाओं को राहत दी। हालांकि मौसम ने सुहागिनों की खूब परीक्षा ली। बादलों के बीच चांद की ऐसी लुकाछिपी चली की दर्शन ही दुर्लभ हो गए। चांद दिखता भी तो इतना कम कि पूजा संपन्न कर चलनी की ओट से साजन के चेहरे का दीदार करने का वक्त ही नहीं मिलता। ऐसे में सुहागिनों को काफी लंबे समय तक चंद्रदेव के दर्शन का इंतजार करना पड़ा। चर्चा के दौरान सुहागिन महिलाएं नवीन वैष्णव, ज्योति वैष्णव, दीपमाला वैष्णव, बबीता साहू, ज्योति साहू, शीला साहू मनीषा नामदेव ने बताया कि करवा चौथ का व्रत पति की दीर्घायु और सुख समृद्धि के लिए रखा जाता है, ताकि परिवार में हमेशा सुख समृद्धि बनी रहे और पति दीर्घायु हो। सुबह उठकर जल ग्रहण करते हैं फिर पूरा दिन निर्जला रहते हैं। पूरे दिन व्रत धारी महिलाएं विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेकर मां करवा सहित अन्य देवी देवताओं की विशेष पूजा अर्चना की। उन्होंने बताया कि इस पति-पत्नी दोनों ही इस व्रत का सम्मान करते हुए चंद्रमा का दीदार कर उनके हाथों से जल ग्रहण करते हैं।



## लक्ष्मण साईं सेवा सम्मान से सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

साईं सेवा समिति भटगांव द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में शासकीय प्रेम भुवन प्रताप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भटगांव के व्याख्याता लक्ष्मण नामदेव को उनके शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए समिति द्वारा साईं सेवा सम्मान से सम्मानित किया। इसमें पंकज दुबे, राकेश देवांगन, कृपाराम सिदार, अनूप वानी, राजेश केशरवानी और पुजारी कृष्ण कुमार वैष्णव उपस्थित थे। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए दिया गया और आगे अन्य क्षेत्र में भी जो उत्कृष्ट कार्य किए हैं, उनको प्रत्येक गुरुवार के दिन अलग–अलग व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा।

## भगवान भाव के भूखे हैं, भाव के बिना कुछ नहीं मिलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

- भागवत कथा में रुक्मणि विवाह श्रद्धालु जमकर झूमे, दिव्य आरती की गई

विष का पान करने वाला अकेले मरता है, पर ब्राम्हण का धन खाने वाला समूल समाप्त हो जाता है। उक्त बातें स्थानीय मंगल भवन में मिश्रा परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा में आचार्य सागर मिश्रा ने कही।

उन्होंने कहा कि कोई विष का पान कर लेता है तो वही एक ही व्यक्ति नष्ट होता है, पर यदि कोई ब्राम्हण का धन खाता है तो उसका पूरा परिवार नष्ट हो जाता है, क्योंकि ब्राम्हण पूजा पाठ कर दक्षिणा में धन प्राप्त करता है, जिसमें यजमान का कलह, क्लेश आदि साथ आ जाता है और उस धन को कोई दूसरा खा जाएगा तो वह कलह, क्लेश उसके पास चला जाता है। इसके पहले दिन श्रीमद भागवत में रुक्मणि मंगल विवाह का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालु जन खूब झूमे और श्रीकृष्ण रूखमणि की बनाई गई झांकी पर न्योछावर लुटाते हुए महा आरती सजाकर दिव्य आरती की गई।

उन्होंने सुदामा चरित्र की कथा पर कहा कि भगवान भाव के भूखे हैं, भाव के बिना कुछ नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि भाव के बिना बाजार में कोई वस्तु नहीं मिलती तो बिना भाव के भगवान कैसे मिल सकते हैं। सुदामा चरित्र की कथा के अवसर पर कसडोल नगर सहित आस पास गांव से बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।







### रासेयो इकाई ने मनाया पुलिस स्मृति दिवस

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य करण सिंह सोरी के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी महासमुंद शरद दुबे के मुख्य आतिथ्य में पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा विद्यालय के भूतपूर्व छात्र शहीद घनश्याम कन्नौजे के प्रतिमा में माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। पश्चात व्याख्याता सीआर अग्रवाल द्वारा पुलिस स्मृति दिवस क्यों एवं कब से मनाया जाता है विषय पर बच्चों को जानकारी दी गई। शहीद घनश्याम कन्नौजे के वीरगाथा का वाचन किया गया। कार्यक्रम के अंत में 2 मिनट का मौन धारण कर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम में आरक्षक चूड़ामणि सेठ, रिजवान खान, सैनिक धुनसिंह भोय, साहू, करुणा चंद्राकर, सीआर अग्रवाल, गीता दासरवार, लता एवं विद्यालय के बच्चे उपस्थित रहे।

## हेम कुमार और खेमराज ने जीती बैडमिंटन स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

- प्रतियोगिता में 21 टीमों ने लिया हिस्सा

श्रीराम बैडमिंटन ग्रुप द्वारा बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन नगर के मंगल भवन में किया गया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ बबलू भाटिया युवा नेता व पार्षद एवं कैलाश बघेल, देवेंद्र ठाकुर द्वारा संयुक्त रूप से पूजा अर्चना कर किया गया। प्रतियोगिता में आसपास के 21 टीमों ने भाग लेकर अपने प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हेम कुमार निषाद एवं खेमराज, द्वितीय स्थान राजकुमार श्रेय एवं लक्की, तृतीय स्थान रमेश कुमार वर्मा एवं प्रदीप खूंटे खरोरा ने प्राप्त किया। सभी विजेता टीम को अतिथियों द्वारा शील्ड व राशि से सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन महेंद्र कुमार साहू व आभार रमेश कुमार वर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर रमेश वर्मा, राकेश करेबिया, प्रदीप खूंटे, भेन कुमार साहू, ईश्वर आदित्य, सूर्यकुमार वर्मा, हुलेश साहू, धीरेंद्र कुमार वर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



## मेगा बैठक में शामिल हुए पालक, बालक, सरपंच, पंच व शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंडा

शासकीय प्राथमिक शाला पैजनी में पालक–बालक एवं शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सरपंच, पंच, पालक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित हुए। प्रधानपाठक चूड़ामणि वर्मा ने बैठक में उपस्थित समस्त जनप्रतिनिधियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत एफएलएन से जुड़ी समस्त दक्षताओं व खेल–कूद के माध्यम से सीखने–सीखने की गतिविधियों एवं कक्षा 1ली से 5वीं तक तिमाही परीक्षा के परिणामों के बारे में बताया। शाला के शिक्षक विनोद कुमार पटेल एवं शिक्षिका ज्यामिति यदु द्वारा कक्षा 1ली एवं 2री में नियमित उपस्थिति, पुस्तक वाचन, स्वच्छ लेखन एवं 15 से 25 तक पहाड़ा सुनाने वाले छात्र–छात्राओं को कॉपी, पहाड़ा, पेन एवं पानी बॉटल भेंट कर सम्मानित कर बच्चों को प्रोत्साहित किया। पालक–बालक एवं शिक्षक मेगा बैठक में सरपंच हलधर वर्मा, शाला विकास समिति के अध्यक्ष रमेशरी वर्मा, पंच प्रमोद वर्मा, पालकों में संतोष वर्मा, गंगाराम वर्मा, संजय टंडन, कीरित साहू, तिरित राम वर्मा गोविंद वर्मा, दुखित राम वर्मा, रम्हेलाल वर्मा, विजय वर्मा, शेरसिंह यादव, नंदेलाल वर्मा, धृपाल पटेल, बहोरन वर्मा, मोतीलाल विश्वकर्मा, मानसिंह जांगड़े, मनीराम सागर, चंद्राजी मधुकर, टिकेश बंजारे, शिक्षकों में लोमश कोसरे, विनोद पटेल, सुकृता सेन, सुनीता ध्रुव, ज्यामिति यदु, मनोज वर्मा, लक्ष्मीनारायण वर्मा एवं गांव के समस्त जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।




### बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया

साथ ही अच्छे परिणाम प्राप्त करने वाले छात्रों को इसी प्रकार निरंतर पढ़ाई जारी रखने एवं कमजोर बच्चों को बेहतर परिणाम लाने के लिए उनके पालकों को स्कूल के साथ–साथ घर में भी प्रतिदिन पढ़ाई के प्रति अधिक से अधिक समय देने की अपील की। लंबी अनुपस्थिति वाले बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। साथ ही संस्था प्रमुख द्वारा समस्त पालकों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा जैसे जवाहर नवोदय विद्यालय, एकलव्य विद्यालय, परख, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा एवं जवाहर उत्कर्ष योजना परीक्षा भर्ती प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया।

क्रमोन्नत वेतनमान प्राप्त करने के लिए विशेष रूप से हुई चर्चा

# शिक्षक कांग्रेस संघ ने बैठक में पारित किए अनेक प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

छत्तीसगढ़ शिक्षक कांग्रेस संघ जिला इकाई सारंगढ़–बिलाईगढ़ की बैठक रविवार को संघ के प्रांतीय सचिव नरेन्द्र कुमार साहू एवं जिलाध्यक्ष कामता प्रसाद साहू की उपस्थिति में भटगांव में आयोजित की गई। बैठक में महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए सहायक शिक्षक संवर्ग से कार्य प्रारम्भ करने वाले शिक्षकों को त्रिस्तरीय वेतनमान, समयमान वेतनमान, क्रमोन्नत वेतनमान प्राप्त करने के लिए विशेष रूप से चर्चा की गई तथा रणनीति तैयार की गई। शीघ्र ही उच्च न्यायालय बिलासपुर में रिट पिटीशन दायर कर अपने हक के लिए कानूनी लड़ाई लड़ने तथा शासन से भी लगातार प्रतिनिधि मंडल के माध्यम से संवाद जारी रखने, छूटे हुए शिक्षकों की सेवा पुस्तिका से संबंधित कार्य पूर्ण कराने के लिए आगामी 28 अक्टूबर से पुनः शिविर लगाए जाने की मांग करने, निकट में सेवा निवृत्त होने वाले शिक्षकों की स्वत्वों का समय पर निपटारा कर सेवा निवृत्ति दिनांक को ही क्लैम का भुगतान करने एवं शिक्षक संवर्ग के अन्य हितों के संबंध में सोमवार को अपरान्ह 3 बजे विकासखंड शिक्षा अधिकारी बिलाईगढ़ से परिचर्चा कर ज्ञापन सौंपे जाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से ब्लॉक अध्यक्ष अश्वनी जाटवर, तहसील अध्यक्ष भटगांव फिरतराम सायतोड़े, तहसील अध्यक्ष बिलाईगढ़ कुमारी बाई साहू, तहसील उपाध्यक्ष भटगांव राजेंद्र राय, जिला उपाध्यक्ष तेज प्रकाश भारद्वाज, सेजेस भटगांव के प्राचार्य गिरजा शंकर धीवर, चंद्रशेखर सारथी, फणेन्द्र नेताम, भगवान प्रसाद दुबे, जयंतीलाल कुर्रे एवं कुर्रे मैडम प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक शाला गोविंदवन सहित बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं एवं सदस्य उपस्थित थे।




online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
06 नवम्बर से 18 नवम्बर 2024, 20 दिसंबर से 01 जनवरी 2025
24 जनवरी से 05 फरवरी 2025, 21 फरवरी से 05 मार्च 2025
02 मार्च से 19 मार्च 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर(सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर, गोरखनाथ मंदिर, अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ)
राशि:-स्लीपर 18500/- 3 एसी 27,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411